हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 जनवरी 2026

04 कोरोना काल में बंद ट्रेनें अब तक नहीं हुईं शुरू, यात्री...



07 नप बोर के पानी की पीएच वैल्यू पर्याप्त नर्मदा जल...





## खबर संक्षेप

### विद्या की देवी सरस्वती को कलमकारों ने दी पुष्पांजलि

**नर्मदापुरम।** बसंत पंचमी पर विद्या, बुद्धि , कला और संगीत की देवी सरस्वती की पूजा पाठ हुई। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की मंदिरों, कार्यालयों और स्कूलों में पूजा अर्चना की गई। सरस्वती के प्रकटोत्सव उत्सव का पावन पर्व पर सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शिव योग और महा सिद्धि योग बने। विद्या की देवी का जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। संस्थाओं और कार्यालय में कलमकारों ने मां की पूजा की पुष्पांजलि दी और फिर प्रसाद का वितरण किया। सभी स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलमकारों ने संस्थाओं और कार्यालयों में की मां की पूजन शहर के पत्रकार भवन में नर्मदा अंचल पत्रकार के पदाधिकारी सहित अनेक पत्रकारों और समाजसेवियों ने सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद लिया। वही आईसीसी मॉल में भी कलमकारों ने मां सरस्वती की पूजा पाठ की इसके साथ ही चौहान निवास में भी मां सरस्वती की पूजा हुई। वहीं शहर के अनेक स्थानों पर मां की आराधना कर प्रसाद वितरण किया गया।

### सांसद पहुंचे इटारसी स्टेशन का लिया जायजा

**नर्मदापुरम।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने इटारसी रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया तथा पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक से प्रत्यक्ष भेंट कर आम नागरिकों और यात्रियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं, अव्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से अवगत कराया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है तथा सभी समस्याओं का त्वरित, प्रभावी और धरातल पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, यात्री सुविधाओं की कमी एवं खामियों को लेकर ठोस मांगें रखीं और पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि अमृत भारत स्टेशनों के विकास से रेलवे का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, योगेंद्र राजपूत, जिला विकास समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनवाड़ा में श्रीमद् भागवत कथा 26 से

**आंचलखेड़ा।** माखननगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मनवाड़ा में 26 जनवरी से 1 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास आचार्य गुरुदेव कृपा शंकर सारस्वत द्वारा प्रति दिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का रसपान कराया जायेगा। 26 जनवरी को सुबह 10 बजे से कलश -शोभायात्रा कथा स्थल पानी की टंकी के पास से निकाली जाएगी।

## बसंत पंचमी : शुभ योग में विद्या की देवी मां सरस्वती का हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ऋतुराज बसंत के स्वागत व विद्या की देवी वीणावादिनी माता सरस्वती की पूजन शुक्रवार को नर्मदांचल में बेहद शुभ योग में मनाई गई। यह दुर्लभ संयोग कई वर्षों बाद बना।

### समेरिटंस में 1500 बच्चों ने एकसाथ किया सरस्वती पूजन

विद्या और ज्ञान की देवी माता सरस्वती के प्रकाट्य उत्सव वसंत पंचमी के अवसर पर चक्कर रोड मालाखेड़ी स्थित समेरिटंस विद्यालय में वृहद स्तर पर सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में एक साथ डेढ़ हजार से अधिक बच्चों ने सरस्वती पूजन किया। विद्यालय के प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के सभी विद्यार्थी पूजन के लिए घर से ही पूजन सामग्री प्रसाद, फूल, अक्षत, धूपबत्ती, आचमनी, जल के लिए पात्र, घंटी, शंख आदि लेकर ही आए थे। अधिकांश बच्चे पीत वस्त्रों में सज-धजकर आए थे।

### स्प्रिंगडेल्स स्कूल में श्रद्धा व उल्लास के साथ मां सरस्वती की हुई पूजा



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान, विद्या एवं कला की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रंगोलियों, पीले वस्त्रों, पुष्प एवं बंधनवार से सुशोभित किया गया। माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना सुसज्जित आसन पर विधिपूर्वक की गई।

### सोहागपुर में हुआ विद्यारंभ संस्कार



विद्या भारती द्वारा शहर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर शुक्रवार को विद्यारंभ संस्कार सरस्वती पूजन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान समर्पण दिवस व सुभाषचंद्र बोस जयंती के आयोजन भी किये गए। इस अवसर पर सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार कराया गया। जिसमें 150 नौनिहालों का संस्कार पं. हेमंत शर्मा ने वेद मंत्रों के साथ कराया। समर्पण दिवस पर नागरिकों ने मां सरस्वती के चरणों में वनवासी क्षेत्र में संचालित एकल विद्यालय संस्कार केंद्रों के लिये राशि समर्पित की। विद्यारंभ संस्कार में उपस्थित नौनिहालों को उपहार स्वरूप स्कूल बैग तथा गणवेश वितरित किये गए। सरस्वती पूजन में रामविनोद जायसवाल, संजय खंडेलवाल, कन्नूलाल अग्रवाल, देवराज पटेल, संजीव दुबे, अभिषेक जैन, हेमंत शर्मा सहित पत्रकार आदि मौजूद रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ पंचकुंडीय यज्ञ

वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप तथा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तप साधना की जन्म शताब्दी महोत्सव बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। सन 1926 में बसंत पर्व के दिन परम पूज्य गुरुदेव पं. श्री राम शर्मा आचार्य जी ने अखंड दीप प्रज्ज्वलित किया था जो आज तक अनवरत 100 वर्षों से प्रज्ज्वलित है।

### इटारसी में महायज्ञ का आयोजन

न्यूयार्ड स्थित बजरंग-गायत्री मंदिर में तीन दिवसीय पंचकुंडीय यज्ञ का समापन हर्षोल्लास से हुआ। 21 से 23 जनवरी तक चले इस अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञ के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारी महेश लिंगायत को सम्मानित किया। उन्होंने रेलवे वित्तीय विभाग के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि अर्जित की और करीब 15,000 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा। गायत्री परिवार के सदस्यों ने उन्हें शाल-श्रीफल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### माई रेवा की सेवा को नर्मदांचल तैयार, कल होगा जल मंच से मुख्य आयोजन

# आज मंगलाचरण से होगा मां नर्मदा का प्रकटोत्सव शुरू, कल आएंगे मुख्यमंत्री

मां नर्मदा के प्रकटोत्सव और नगर के गौरव दिवस का मुख्य आयोजन 25 जनवरी को होगा, जिसमें सीएम शामिल होंगे। वहीं आज मंगलाचरण से मां नर्मदा के प्रकटोत्सव का कार्यक्रम शुरू होगा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कन्या स्वरूप में मगर पर सवार होकर नर्मदा मैया। भोपाल तिराहे पर विराजने को तैयार है। 25 जनवरी को मैया के प्रकटोत्सव पर नर्मदा मैया की प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री मोहन यादव करेगे। चौराहे को राजस्थानी धौलपुरी पत्थरों से सजाया गया। इसके साथ ही चहुंओर नर्मदाष्टक गुंजायमान होने वाला है। नर्मदाचंलवासी 25 जनवरी को माई रेवा का प्रकटोत्सव मनाने को तैयार है। ऐसे में नर्मदापुरम नई पहचान के आयाम जोड़ने को तैयार है। नगरीय प्रशासन ने ताना- बाना बुनना शुरू कर दिया है।

### मंगलाचरण से आज शुरू होगा मां नर्मदा का प्रकटोत्सव

मां नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नगर गौरव दिवस 24 एवं 25 जनवरी को जिले में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वाटर लेजर शो एवं आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया जाएगा। अब दोनों कार्यक्रमों के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारीयां सुनिश्चित की गई है। शनिवार को प्रातः 10:00 बजे सेठानी घाट पर मंगलाचरण एवं पूजन अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, एवं भजनाजलि का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

सुबह 10:30 बजे इंद्रधनुष कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला एवं मेहंदी प्रतियोगिता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मां नर्मदा की महा आरती की जाएगी, महा आरती नित्य आरती समिति द्वारा आयोजित की जाएगी, इसके साथ ही सायं 7:30 बजे भोपाल की कलाकार श्वेता शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा मां नर्मदा पर केंद्रित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

### सीएम होंगे शामिल

25 जनवरी रविवार को प्रातः 10:30 बजे मां नर्मदा प्राकट्योत्सव का कार्यक्रम नित्य आरती समिति एवं प्राचीन श्री नर्मदा मंदिर द्वारा आयोजित किया जाएगा। दोपहर 3:30 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो श्री मां नर्मदा मंदिर से मोरछली चौक होते हुए सेठानी घाट आएंगी। सायं 5:30 बजे महा अभिषेक का कार्यक्रम होगा जिसमें धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई द्वारा महा अभिषेक का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

भोपाल से आए लोक कलाकार फूल सिंह माडरे रात्रि 7:30 बजे अपनी बुंदेली लोक गायन की प्रस्तुति देंगे, रात्रि 8:30 बजे भक्ति गायन के अंतर्गत मुंबई की कलाकार माधवी मधुकर झा द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। सभी श्रद्धालुओं से उक्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे।

### तकनीक का हो रहा प्रयोग

हमारी सदियों पुरानी परंपराओं में भी तकनीक जगह बनाने लगी है। अब एआई तकनीक का प्रयोग चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण को ओर आकर्षित करने किया जा रहा है। इसका उदाहरण भोपाल चौराहों को देखकर लगाया जा सकता है।

### सीईओ और एसपी ने देखी व्यवस्थाएं, लिया जायजा

आगामी नर्मदा प्रकटोत्सव के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संयुक्त रूप से विभिन्न आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे हेलीपैड का जायजा लिया तथा वहां उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा, आवागमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने भोपाल तिराहे पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार ट्रैफिक प्लान और रूट चार्ट की विस्तार से समीक्षा की। एसपी एवं सीईओ ने सर्किट हाउस से जल मंच तक के जल मार्ग का निरीक्षण बोट के माध्यम से किया। अधिकारियों ने प्रत्येक प्वाइंट पर रुककर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा एवं प्रबंधन संबंधी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक राजन, एडीएम राजीव रंजन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, एसडीएम जय सोलंकी, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह सहित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई

## दो ट्रक, एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की गई जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

26 जनवरी के पहले सीएम का दौरा और अधिकारियों की अवैध रेत पर कार्रवाईयां शुरू होना शंका पैदा करता है। ऐसा लगता है कि सांठ-गांठ के इस खेल में जिम्मेदारों की जिम्मेदारी भी अजीत तरह से नजर आती है। सीएम डॉ. मोहन यादव के दौरे के पहले ही खनिज विभाग सहित अन्य विभाग संयुक्त कार्रवाई करने मैदान में क्यों उतरे?

कलेक्टर सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा 23 जनवरी 2026 को ग्राम-गुर्रा, तह. इटारसी से 2 ट्रक / डम्पर क्रमशः क्रं. एमपीपी47एच426, एमपी 48 जेडजी 7278 को रेत खनिज एवं एमपी 04 जेडयू 7691 को गिट्टी खनिज के ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर पुलिस थाना गुर्रा, तह०-इटारसी में खड़ा किया गया तथा सोहागपुर, तह. सोहागपुर से 1 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज के अवैध परिवहन में जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है।

उक्त कार्यवाहियों में एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, नायब तहसीलदार सोहागपुर रंजीत चौहान, प्रधान खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## बसंत पंचमी पर रंजिशन दो पक्षों में आपसी विवाद, मामला थाने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन के बसंत पंचमी उत्सव में शुक्रवार को विघ्न हो गया। दरअसल होली चौक स्थित राधाकृष्ण विश्वकर्मा मंदिर में समाज का बसंत पंचमी कार्यक्रम चल रहा था। जिसके बाद विवाद होने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। दो पक्ष आपस में एक-दूसरे को मारते और अपशब्द कहते सुने गए। जिसके बाद थाने पहुंचकर दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कर्मियों ने मामला शांत कराया था। ट्रस्ट के सदस्य राजेश मालवीय ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट की परमिशन से हम कार्यक्रम कर रहे थे। जिसके बाद बीच कार्यक्रम में विशाल मालवीय, दिनेश मालवीय और गौरव मालवीय ने आकर हमें कार्यक्रम करने से रोका और अभद्रता की।

वहीं दूसरे पक्ष से विशाल मालवीय का कहना है कि मंदिर की जमीन, पक्का कोर्ट केस चल रहा है, लेकिन कोर्ट ने इस परमिशन को खारिज कर दिया था। शाम को घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। फिलहाल किसी भी पक्ष पर मामला दर्ज नहीं हुआ है। मंदिर परिसर की जमीन को लेकर विवाद काफी लंबे समय से चल रहा है।

### शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिपरिया।** मंगलवारा चौराहे पर भाजपा सरकार केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के द्वारा माघ अमावस्या पर गंगा स्नान करने वाले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को पालकी में सवार होकर जाने से रोका गया। तथा बटुक ब्राह्मण सदाचारी को शिखा खींचकर बाहर कर मारपीट करने वाले लोगों के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत, मटकुली अध्यक्ष कमलेश कुमार उइकेपिपरिया तथा अन्य सभी पदाधिकारियों के द्वारा एक दिन का उपवास रखकर धरना प्रदर्शन किया गया। हरीश बेमन, सुनीत पुरोहित ने बताया कि सनातन संस्कृति धर्म की बात करने बाले उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शासन में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को अमावस्या पर गंगा स्नान करने पर नहीं जाने देने पर प्रतिबंध लगाने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई नहीं करने पर तथा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

### कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर किया आयोजित

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेडक्रॉस समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश एवं अरूण शर्मा चेयरमैन के मार्ग दर्शन में डॉ रोजश माहेश्वरी, डॉ हर्षल काबरे सचिव एवं जिला प्रबंध समिति के सहयोग से स्वस्थ नागरिक बेहतर कार्यक्षमता बेहतर अर्थव्यवस्था हेतु कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। एस एन जी एवं पं रामलाल शर्मा स्मृति स्कूल नर्मदापुरम में आयोजित इस शिविर में शिक्षक, शिक्षिकाओं और स्टॉफ ने उत्साहित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में बी पी, शुगर, हाइट, वेट, बी आई एम का परीक्षण किया गया और शारीरिक स्वस्थ की जानकारी दी गई।

### प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर सेठानी घाट हुआ भक्तिमय

# माई रेवा के तट पर उतरा अयोध्या का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, संस्कारधानी नर्मदापुरम का प्रसिद्ध सेठानी घाट पूरी तरह राम भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्री राम लला आनंदोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह में मां नर्मदा की लहरों के बीच 'राम नाम' की गूंज सुनाई दी।

### जलमंच पर हुआ प्रभु का अर्चन

उत्सव का शुभारंभ सेठानी घाट के विशेष जलमंच पर भगवान श्री राम लला के विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी एवं पार्षद नयना सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर नर्मदा और राम भक्ति के इस पावन संगम की सराहना की।



### वैशाली रायकवार के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम गायिका वैशाली रायकवार की सुमधुर प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी गायकी से पूरे घाट को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वैशाली ने 'नर्मदे-नर्मदे' के जयघोष के साथ शुरुआत की। 'राम आएंगे', 'रामजी की निकली सवारी' और 'रामा रामा रटते रटते' जैसे भजनों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनुमान जी की स्तुति में गाए गए भजनों पर भक्त भाव-विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम के सूत्रधार और तैराकी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पीयूष शर्मा ने बताया कि राम लला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का दिवस पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है, जिसे 'आनंदोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा है।

### पीएम श्री में वार्षिकोत्सव पर स्कूल बैग वितरण




**माखननगर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय माया नारोलिया रहीं, जबकि अध्यक्षता सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## शंकराचार्य के अपमान से आक्रोशित होकर सनातनियों ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सनातन धर्म के और संस्कृति के सबसे बड़े संरक्षक अनंत विभूषित शंकराचार्य स्वामी अवि मुक्तेश्वरानंद जी के साथ माघ मेला प्रशासन ने दुर्व्यवहार कर ब्राह्मण बटुकों की शिखा खींचकर अपमानित किया है जिससे सनातनियों में आक्रोश है शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है।

माघ मेला प्रशासन शंकराचार्य से माफी मांगे नारे लगाए गए शंकराचार्य का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान इस अवसर सर सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्य मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय सारनी में परीक्षा पर चर्चा




**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर विषय पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तार्किक सोच विकसित करना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय सारनी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय आमला, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बगडोना, सेंट फ्रांसिस स्कूल सारनी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी, आदर्श गायत्री विद्यापीठ तथा सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और त्वरित उत्तर देने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। जूनियर वर्ग में उत्कर्ष सिंह, अनुष्क भारके एवं अर्पित सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तन्वी बघेल, उमंग अग्रवाल एवं इक्षान भारती ने द्वितीय स्थान हासिल किया। ईशान देशमुख, द्विज गौरैया, रुद्रांशी सागर, निकिता धुर्वे, सुबोध मोखिड़े एवं अंश नायर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सराहना बटोरी। सीनियर वर्ग में मोहित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ऋषभ तिवारी ने द्वितीय और मोक्षा पाटणकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन वरिष्ठ शिक्षक मनराज मीणा एवं ब्रजेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षकों ने ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### नेता जी के पराक्रम और उनके योगदान को किया याद

**सारनी।** आजाद हिंद फौज के सिपाही रहे स्वतन्त्रता सेनानी राधा किशन सिंह शास्त्री के गांव पहाडपुर में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा पहाडपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय महाविद्यालय सारनी के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह, मेरा युवा भारत बैतूल की जिला समन्वयक सुषमा गवली, जनपद सदस्य पवित्र बहादुर, युवा नेता दिनेश सिंह, उप प्राचार्य भालेकर ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलन कर किया।

### लंबे समय से की जा रही ट्रेन और ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

# कोरोना काल में बंद ट्रेनें अब तक नहीं हुईं शुरू, यात्री हो रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली तीन महत्वपूर्ण ट्रेने कोरोना काल में बंद हुई थी। यह ट्रेने दोबारा शुरू नहीं हो सकी। जिससे रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कोरोना काल में देशभर में रेल सेवाएं ठप कर दी गई थी। बाद में हालात सामान्य होने पर अधिकांश ट्रेनें दोबारा शुरू कर दी, लेकिन बैतूल जिले से होकर गुजरने वाली नागपुर- भुसावल एक्सप्रेस, नागपुर-रीवा एक्सप्रेस और नागपुर-इटारसी पैसेंजर ट्रेन के संचालन शुरू न होने से जिले के यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इन ट्रेनों को दोबारा शुरू करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अभी तक लोगों की मांगे पूरी नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि यदि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि चाहे तो जिले के बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई, बरबतपुर एवं डोडरामोहर रेलवे स्टेशनों पर कई ट्रेनों का स्टॉपेज मिल सकता है। किन्तु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की वजह से जिले के लोगों को इन ट्रेनों की दोबारा सेवा नहीं मिल पा रही और न स्टॉपेज मिल पा रहे। जबकि रेलवे ने अब ट्रेनों को शुरू करने एवं स्टॉपेज की मांग एवं सुझाव का अधिकारी अधिकारियों से छीनकर सांसद को दे दिए हैं।

#### सांसद रेलवे बोर्ड को भेज सकते है सुझाव

जानकार बताते है कि ट्रेनों के संचालन और स्टॉपेज से जुड़े सुझाव मंडल अधिकारियों के बजाय सांसद रेलवे बोर्ड को भेज सकते हैं। लोगों ने बताया कि खंडवा दादाधाम जाने के लिए एक मात्र ट्रेन थी नागपुर-भुसावल एक्सप्रेस, जो नागपुर-इटारसी सेक्शन को खंडवा-भुसावल सेक्शन से जोड़ती थी। यही ट्रेन बैतूल जिले के यात्रियों को खंडवा दादाधाम सीधे भेजती थी। वहीं 22135-22136 नागपुर-रीवा एक्सप्रेस जिले के लोगों के लिए रीवा और मैहर शारदा धाम जाने की एकमात्र सीधी ट्रेन थी। इसके अलावा नागपुर-इटारसी पैसेंजर बैतूल-इटारसी के बीच एकमात्र पैसेंजर ट्रेन थी, जो सभी छोटे रेलवे स्टेशनों पर रुकती थी। इसके बंद होने से छोटे स्टेशनों के यात्रियों को अब केवल मेमू ट्रेन पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

#### मेमू ट्रेन की धीमी रफ्तार से रेल यात्री नाराज

आमला-इटारसी के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन 130 किलोमीटर की दूरी तय करने में 4 से 5 घंटे लगा रही है। जबकि इसकी अधिकतम गति 100 किमी प्रति घंटा है। ट्रेन नंबर 61121-61122 आमला- इटारसी मेमू को इटारसी पहुंचने के लिए 3 घंटे 35 मिनट का समय निर्धारित है, जबकि अन्य ट्रेनें यह दूरी 2 घंटे से कम में तय करती हैं। यात्रियों का कहना है कि मेमू ट्रेन को अक्सर इटारसी से पहले रोक दिया जाता है, कई बार दोपहर 1 बजे के बाद प्लेटफॉर्म दिया जाता है, जिससे यात्री बसों का विकल्प चुनने लगे हैं। यात्री बताते है कि सुबह इटारसी जाने के लिए यही एकमात्र ट्रेन है, इसलिए इसकी गति बढ़ाई जानी चाहिए और इसका इटारसी पहुंचने का समय 10.15 बजे तक किया जाना चाहिए। जिससे कि यात्री इटारसी से अन्य ट्रेने पकड़ सके और समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

#### अन्य जिलों में सांसदों की पहल से मिली राहत

*कोरोना काल के बाद ट्रेन सुविधाएं शुरू हुई, तो कई स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज समाप्त कर दिये गये थे, लेकिन बताया जा रहा है कि संसदीय क्षेत्रों में सांसदों की माग पर कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों का दोबारा संचालन शुरू हो गया है। स्टेशनों पर कई ट्रेनों को स्टॉपेज भी स्वीकृत किए गए हैं। इसके विपरीत बैतूल जिले के सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री होने के बावजूद न तो कोरोना काल में बंद ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो सका है और न ही बैतूल सहित जिले के अन्य रेलवे स्टेशनों को नई ट्रेनों का स्टॉपेज मिल पाया है। इस स्थिति से क्षेत्रीय यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और वे इसे जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से जोडक़र देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि यदि प्रयास करे तो ट्रेन और ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर लोगों की जो मांगे है, वह पूरी हो सकती है। किन्तु जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे है।*

#### निर्णय संभव है

ट्रेन संचालन और स्टॉपेज से जुड़े सुझाव मंडल अधिकारियों के बजाय सांसद रेलवे बोर्ड को भेज सकते हैं। यदि क्षेत्रीय सांसद इन ट्रेनों को दोबारा शुरू करने और स्टॉपेज की मांग को रेलवे बोर्ड तक पहुंचाएं, तो इन पर निर्णय संभव है।

**यश जनबंधु,** रेल पीआरओ नागपुर

### अगले साल भी बेहतर सुविधा देने का वादा

## ध्वज पूजन के साथ हुआ बाबा मठारदेव मेले का समापन




**सारनी।** श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेले का गुरुवार 22 जनवरी को औपचारिक समापन कर दिया गया। बाबा मठारदेव के ध्वज का पूजन कर उसे शिखर मंदिर में चढ़ाया गया। इस अवसर पर मेले में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। बाबा मठारदेव का मेला प्रतिवर्ष 12 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा मेले में विभिन्न व्यवस्थाएं की जाती हैं। गुरुवार 22 जनवरी को नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा मेले का औपचारिक समापन किया गया। इससे पहले एमजीएम स्कूल के बच्चों ने समापन अवसर पर मंच पर आदिवासी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम हुए। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पावर विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद दशरथ सिंह जाट, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, बेबी बिझाडे, प्रवीण सोनी, अजबराव धोटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम किशोर चौहान की उपस्थिति में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। सभी व्यापारी, पुलिस, सुरक्षा, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डब्ल्यूसीएल, नगरपालिका समेत अन्य विभागों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पूजन का कार्यक्रम हुआ। बाबा मठारदेव एवं शिवजी की आरती की गई। ध्वज को उतारकर पूजन किया गया। ध्वज को शिखर मंदिर भेजा गया। इस अवसर पर मेला आयोजन में सहयोग करने पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने सभी का आभार माना। उन्होंने कहा कि मेले का स्वरूप लगातार बढ़ रहा है। आगामी वर्ष में और ज्यादा सुविधाएं दी जाएगी। संचालन सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार ने किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने सफल मेला संचालन पर सभी का आभार माना। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष जगदीश पावर ने व्यक्त किया।

## श्रीराम फार्मेसी कॉलेज जामठी में मनाई बंसत पंचमी व नेताजी की जयंती



**बैतूल।** श्रीराम फार्मेसी कॉलेज परिसर में बसंत पंचमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य रोशनी खातरकर क द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके विचारो को याद किया गया। प्राचार्य एवं शिक्षको ने विद्यार्थियों से नेताजी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र सेवा एवं अनुशासन के मार्ग पर चलने का आहान किया।

### बसंत पंचमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## धूमधाम से मना बाबा रामदेव का स्थापना दिवस



**मुलताई।** शुक्रवार को बाबा रामदेवजी का तृतीय स्थापना दिवस एवं बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुलताई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। पूरे दिन नगर में भक्ति और उत्सव का वातावरण बना रहा। उत्सव की शुरुआत शुक्रवार सुबह ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर से हुई, जहां से बाबा रामदेवजी की भव्य ध्वज निशान यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की थाप और बाबा के भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय बाबेरी और बाबा रामदेवजी की जय के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बैतूल रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में निशान (ध्वज) अर्पित किए। समाज सुधारक और लोक देवता के रूप में पूज्य बाबा रामदेव इस अवसर पर श्रद्धालु नीलेश अग्रवाल, रूपेश खंडेलवाल एवं गणेश साहू ने बाबा रामदेवजी की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया तथा समाज में फैली छुआछूत जैसी कुरीतियों का कड़ा विरोध किया। यही कारण है कि आज वे पीरों के पीर के रूप में पूजे जाते हैं और उनके प्रति लोगों की गहरी आस्था है। हवन-पूजन, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे विशेष हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

## अंबेडकर कॉलेज में मनाई बसंत पंचमी और नेताजी की जंयती



**बैतूल।** श्रीराम शिक्षा परिषद द्वारा संचालित भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंर्तगत महाविद्यालय के विशाल सभागार में 23 जनवरी को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बी.एड. स्कालर्स द्वारा माँ सरस्वती की पूजा वंदना की गई। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में संचालक ने कहा की आज विद्या की देवी माँ सरस्वती का पावन दिन बसंत पंचमी और नेता जी का जन्म दिन हैं, जिसे मनाने का सौभाग्य मिला हैं। हम सभी को इन्हे नमन वंदन करना चाहिए। कार्यक्रम में बीएड. प्रथम वर्ष से वर्षा रावत पंखिता, दिव्या इरपाचे, तरुणा बिहारे, प्रहलाद बेले ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बीएड द्वितीय वर्ष से तेजश्वनी साहू ने भाषण एवं बसंत पंचमी के अवसर पर अग्रेजी में स्वरचित कविता कही। सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता सुनिल वर्मा ने कहा कि हिन्दु संस्कृति में बंसत पंचमी का धार्मिक महत्व हैं। इसमें माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती हैं, और इस समय मौसम में परिवर्तन होता हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ गावंडे ने किया।

## पीएम स्वनिधि हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड के स्वीकृति पत्र बांटे गए

### नगर पालिका में पीएम के कार्यक्रम का किया सीधा प्रसारण




**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में शुक्रवार 23 जनवरी को केरल के तिरूवनंतपुरम में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पी.एम. स्वनिधि योजना के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, योजना शाखा के सभापति भीम बहादुर थापा, पार्षद प्रवीण सोनी, बेबी बिंझाड़े, गणेश महस्की, जफर अंसारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, डे एनयूएलएम के नोडल अधिकारी केके भावसार उपस्थित थे। इस अवसर पर पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत सारनी नगर पालिका क्षेत्र के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गए। योजना के तहत हाल ही में हितग्राहियों के लिए क्रेडिट कार्ड योजना लागू की गई। निकाय क्षेत्र के हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड योजना के तहत स्वीकृति पत्र बांटे गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर आजीविका की नई राह दी है। उन्होंने कहा कोरोना महामारी के बाद सडक़ किनारे व्यवसाय करने वालों पर संकट आ गया था, लेकिन प्रधानमंत्री ने पी.एम. स्वनिधि योजना लागू कर ऐसे व्यवसायियों का सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सपना साकार किया है। कार्यक्रम में सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री कमलेश पटेल, नितिन मीणा, सिटी मिशन मैनेजर, मनोज परते, निधि मेरावी, डे एनयूएलएम प्रभारी रंजीत डोंगरे, निराकार सागर, राकेश डोंगरे, कीर्ति नायक, कामदेव सोनी, प्रताप सिंदूर के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

#### जागरूक मतदाता बनने की शपथ ली

आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के परिपेक्ष्य में शुक्रवार को कार्यक्रम में जागरूक मतदाता होने की शपथ ली। संविधान के अनुरूप मतदान करने और लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

## मुलताई विधानसभा क्षेत्र को दो वर्षों में विकास की नई दिशा दी: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



विधानसभा क्षेत्र मुलताई के विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति दिलाकर जनता को बड़ी सौगातें दी हैं। सिंचाई एवं कृषि विकास,विधायक देशमुख के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में 17 सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, जिससे लगभग 5688 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

शिक्षा एवं छात्र सुरक्षा, मुलताई विकासखंड के 15 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में छात्राओं की साइकिलों की सुरक्षा हेतु ?67.50 लाख की लागत से साइकिल स्टैंड निर्माण स्वीकृत कराया गया है। वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री स्टांप ड्यूटी मद से स्वीकृत कार्य,15 ग्रामों में 3-सेट युक्त सामुदायिक भवन 2 करोड़ 8 लाख 87 हजार,3 ग्रामों में मोक्षधाम यात्री प्रतीक्षालय 23.50 लाख, 2 ग्रामों में तालाब घाट निर्माण 37.94 लाख, 5 ग्रामों में शासकीय विद्यालयों की बाउंड्रीवॉल 48.84 लाख,10 ग्रामों में पुलिया निर्माण 1 करोड़ 39.84 लाख, डहुआ में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स 18 लाख, 13 ग्रामों में सीसी सीमेंट सडक़ें 1 करोड़ 9.41 लाख, 3 ग्रामों में सांस्कृतिक मंच 13.50 लाख, 3 ग्रामों में सामुदायिक भवन 48 लाख, वर्ष 2025 में विधायक निधि से स्वीकृत कार्य, 14 ग्रामों में यात्री प्रतीक्षालय 36.73 लाख,9 ग्रामों में सडक़ मरम्मत 17.32 लाख, 32 ग्रामों में वाटर टैंकर 86.40 लाख, नगर पालिका वाचनालय फर्नीचर 1 लाख, भिलाई में नाली निर्माण 6 लाख, टेमझरा एवं बरई में ट्रांसफार्मर स्थानांतरण 5.19 लाख, 2 ग्रामों में टीन शेड/सामुदायिक भवन 6 लाख, 1 ग्राम में ग्रेवल सडक़ 6.70 लाख, विशेष निधि 2024-25 से स्वीकृत प्रमुख कार्य, 5 ग्रामों में सामुदायिक भवन 1.25 करोड़, 2 ग्रामों में मोक्षधाम प्रतीक्षालय 32.80 लाख, 2 ग्रामों में तालाब घाट 35 लाख, 6 स्कूलों में बाउंड्रीवॉल 78.80 लाख, बिरुलबाजार बस स्टैंड सीमेंटीकरण 37.90 लाख, 11 ग्रामों में पुलिया 2.03 करोड़,पारडसिंगा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स 24.70 लाख, 6 ग्रामों में सीमेंट सडक़ 99.70 लाखतिवारखेड़ में स्टॉपडेम 36.30 लाख, 19 ग्रामों में सामुदायिक भवन 3.27 करोड़, ताप्ती सरोवर स्लूज गेट 17 लाख और शनि तालाब सौंदर्यीकरण हो रहा है।

### महिला मोर्चा ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन



**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से सामाजिक समरसता को बढाने वाला होता है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ममता मालवी ने कहा कि महिलाओं के बीच सौहार्द और पारंपरिक मुल्यों के साथ साथ संस्कृति के संरक्षण हेतू महिलाए हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम करती है जो हमें परिवार और समाज के साथ जुडने का अवसर प्रदान करता है। महिला मोर्चा के इस आयोजन में महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सौभाग्य के गीत गाए एवं उपहार भेंटकर सौभाग्य और समृद्वि की कामना की।

### समग्र सेफ्टी बुकलेट का विमोचन

## सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में औद्योगिक सुरक्षा को मिली नई मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में औद्योगिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की गई है। शून्य दुर्घटना वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन हेतु एक समग्र सेफ्टी बुकलेट का निर्माण कर उसका औपचारिक विमोचन किया गया।

यह सेफ्टी बुकलेट मुख्य अभियंता के निर्देशानुसार मुख्य संरक्षा अधिकारी अमित बंसोड़ द्वारा तैयार की गई है। इसमें कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत प्रचलित सुरक्षा नियमों एवं औद्योगिक क्षेत्र की सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सरल, स्पष्ट और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। सेफ्टी बुकलेट में ऊँचाई पर कार्य के दौरान सुरक्षा निर्देश, सीमित क्षेत्र में कार्य करने की सावधानियाँ, क्लोरीन गैस से सुरक्षा, गैस कटिंग के दौरान सुरक्षा उपाय, लिफ्टिंग कार्यों में सावधानी, कन्वेयर बेल्ट संचालन में सुरक्षा, आपातकालीन योजना सहित अन्य सामान्य औद्योगिक सुरक्षा निर्देशों को विस्तार से शामिल किया गया है, जिससे कर्मचारियों एवं श्रमिकों को दैनिक कार्यों में सीधा लाभ मिलेगा। यह उल्लेखनीय है कि एमपीपीजीसीएल के अंतर्गत संचालित समस्त विद्युत गृहों में वर्तमान में केवल सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी द्वारा ही इस प्रकार की समर्पित और व्यवस्थित सेफ्टी बुकलेट का निर्माण किया गया है, जिससे यह इकाई औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में स्थापित हुई है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एस.के. लिल्होरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल वैधानिक अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि कार्यस्थल पर एक सशक्त सुरक्षा संस्कृति का विकास कर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह सेफ्टी बुकलेट कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं नव-नियुक्त कर्मियों के लिए एक उपयोगी संदर्भ दस्तावेज सिद्ध होगी।

### शासकीय कार्यालयों में ली गई मतदाता दिवस की शपथ



**बैतूल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सम्बन्ध में शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में मतदाता दिवस की शपथ ली गई। कलेक्ट्रेट कार्यालय बैतूल में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त तहसील कार्यालय में एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को अवकाश होने के कारण 23 जनवरी को शासकीय कार्यालयों में मतदाता दिवस की शपथ आयोजित की गई।

**खबर संक्षेप**

## मंडी में आज भी होगा नीलामी कार्य

**इटारसी।** कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में आवक की निरंतरता और किसानों की सुविधा को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंडी सचिव द्वारा जारी प्रेस-नोट के अनुसार 24 जनवरी शनिवार को मंडी प्रांगण में समस्त जिंसों (फसलों) का नीलामी कार्य सुचारू रूप से चालू रहेगा। मंडी प्रशासन ने सभी कृषक भाइयों, अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों, हम्माल और तुलाबाटी को सूचित किया है कि नीलामी प्रक्रिया दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर कार्य समाप्ति तक चलेगी। मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी कृषि उपज को विक्रय हेतु मंडी प्रांगण में ला सकते हैं।

## आज शहर के कई क्षेत्रों में गुल रहेगी बिजली

**इटारसी।** शहर के विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों पर आवश्यक रखरखाव और नए उपकरण लगाने के कार्य के चलते शनिवार, 24 जनवरी को अलग-अलग समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यास, एलकेजी और बूढ़ी माता उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर न्यास उपकेंद्र में पीटी रखने का कार्य किया जाएगा। वहीं, पीपल मोहल्ला उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में दोपहर 12 से 3 बजे तक बिजली गुल रहेगी। यहाँ उपकेंद्र में नई वीसीबी और सीटी स्थापित करने का कार्य किया जाना है।

### वार्डवार होगी पानी की जांच, नगर परिषद कार्यालय में स्थापित होगी वाटर टेस्टिंग लैब

# नप बोर के पानी की पीएच वैल्यू पर्याप्त नर्मदा जल भी पाया गया पीने योग्य

सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय में स्थापित होगी वाटर टेस्टिंग लैब। होगी पानी की गुणवत्ता की जांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर के विभिन्न वार्डों का पानी आमजन के पीने योग्य है या नहीं, इसकी टेस्टिंग की सुविधा अब नप कार्यालय में होगी। शुक्रवार को सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व उपेंद्र बृजेश खानोरकर की उपस्थिति में दो स्त्रोतों के पानी की टेस्टिंग की गई है। जल्द ही समूचे शहर में वाटर सैंपलिंग की जाएगी।

हरिभूमि से चर्चा में नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने बताया कि नगरी प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए नगर परिषद कार्यालय में अब वॉटर टेस्टिंग लैब स्थापित होगी। जिसमें नगर के समस्त वार्डों के पानी की सैंपलिंग की जाएगी तथा बताया जाएगा कि किस क्षेत्र का पानी पीने योग्य है अथवा नहीं। उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने बताया कि फिलहाल वॉटर टेस्टिंग की दो किट क्रय की गई हैं तथा शुक्रवार को नप सभागार में वाटर टेस्टिंग की गई एवं नपकर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया है। खानोरकर ने बताया कि नर्मदा जल परिवहन योजना पर काम करने वाली कंपनी के लैब असिस्टेंट के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया है।




**पीएच वैल्यू 6.9 पाई गई**

जांच में नप के बोर का पानी की पीएच वैल्यू 6.9 पाई गई है। अर्थात पानी पीने योग्य है। यद्यपि यह पानी हार्ड पाया गया है तथा इसमें 550 ग्राम प्रति लीटर की हार्डनेस पाई गई है। पानी में प्री क्लोरीन की मात्रा शून्य पाई गई है। क्लोरीन की मानक वैल्यू 0.2 मिलीग्राम प्रति लीटर की होनी चाहिए। इस पानी में क्लोराइड की मात्रा शून्य है। इस पानी में टीडीएस वैल्यू 433 है अर्थात पानी ठीक है।

**क्लोराइड की मात्रा भी पर्याप्त**

नगर में नर्मदा जल परिवहन योजना द्वारा पेयजल वितरित किया जाता है। इस पानी की भी शुक्रवार को जांच की गई है। जांच में नर्मदा जल में क्लोरीन की मात्रा मानक वैल्यू पर है। इस जल में क्लोराइड की मात्रा भी पर्याप्त है। नर्मदा जल की टीडीएस वैल्यू 165 है अर्थात बढ़िया पानी है और यह पीने योग्य है। सीएमओ शर्मा ने बताया कि पानी की अन्य जांचें भी होंगी, जिसके लिये लैब स्थापित होगी।

### कैंसर प्रभावित क्षेत्र पर नजर

बैठक में उपस्थिति मीडियाकर्मियों ने नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा उपयंत्री बृजेश खानोरकर को बताया कि नगर के रघुवंशीपुरा वार्ड तथा जवाहर वार्ड क्षेत्र में कैंसर के मरीज पाए जाते हैं। तथा पिनी की जांच दौरान बताया गया है कि जब कभी क्लोरीन की मात्रा मानक यूनिट से अधिक पाई जाती है तो कैंसर प्रसार की संभावना बढ़ती है। अतः मुख्य रूप से सबसे पहले नगर के रघुवंशीपुरा वार्ड तथा जवाहर वार्ड के प्रत्येक घर से पानी की सैंपलिंग व जांच की जाए। चाहे पानी नगर परिषद का हो अथवा नर्मदा जल योजना का अथवा नागरिकों द्वारा घर में किये गए बोर का हो। अधिकारियों ने इस पर सहमति दी है।

**इंदौर घटना से सबक**

नगर परिषद सूत्रों ने बताया कि इंदौर के भागीरथ नगर में दूषित पेयजल पीने से हुई मौतों के बाद समूचे प्रदेश में सरकार पेयजल की जांच कर रही है। इसके लिए निकाय स्तर पर वॉटर टेस्टिंग शुरू करने के निर्देश उच्च स्तर से दिए गए हैं। इंदौर घटना से सबक लेते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा निकाय स्तर पर वॉटर टेस्टिंग लैब स्थापित करने की प्रक्रिया आगामी समय में संचालित की जा सकती है।

**सैंपलिंग होगी**

शहर के सभी वार्डों से पानी की रेंडम सैंपलिंग की जाएगी। तथा पानी की गुणवत्ता जांची जाएगी। ज़रूरी उपचारात्मक प्रयास भी किये जाएंगे।

**धर्मेंद शर्मा,** सीएमओ, नप सोहागपुर

# उधारी नहीं मिलने पर दुकानदार से मारपीट

**पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




चामुंडा चौराह स्थित चाय की दुकान के सामने तीन युवकों ने उधार सामान नहीं देने पर दुकानदार के साथ मारपीट की और चाकू से उसके भाई को चोट पहुंचायी है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सिटी पुलिस के अनुसार चामुंडा चौराह स्थित चाय की दुकान के सामने आदित्य पिता अशोक डागोरिया 34 वर्ष, निवासी गुरुनानक दाल मिल के पास गांधीनगर ने शिकायत दर्ज करायी है कि उधारी के पैसे की बात को लेकर सौरभ चुटीले, शुभम चुटीले और आयुष चुटीले ने उसे व उसके भाई अविनाश को हाथ मुक्कों से मारा और चाकू से भी चोट पहुंचायी है। इधर दूसरे पक्ष से आयुष पिता नर्मदाप्रसाद चुटीले 24 वर्ष, निवासी इंगल चाल के पीछे गांधीनगर ने शिकायत दर्ज करायी है कि आदित्य डागोरिया निवासी गांधी नगर ने उधारी के पैसे की बात पर से उसे गालियां दीं, कैंची से चोट पहुंचायी और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किर लिया है।

# मेहराघाट में मारपीट पर काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समीपस्थ ग्राम मेहराघाट में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ उसी गांव के एक युवक ने गालियां देते हुए मारपीट की। महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ रामपुर थाना में मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार फरियादी फूलवती बाई पति सीताराम कीर 60 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि गांव के ही दीपक कीर पिता जमना प्रसाद कीर 29 वर्ष ने महिला के घर के सामने ही उसे गालियां दीं और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

इधर दीपक कीर ने भी महिला के बेटे भगवानदास कीर 40 वर्ष के खिलाफ उसके साथ गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने भगवानदास के खिलाफ भी प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# गणतंत्र दिवस पर सांसद होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2026, सोमवार को गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि नर्मदापुरम-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। 26 जनवरी 2026, सोमवार को प्रातः 9 बजे से मुख्य समारोह गांधी स्टेडियम में होगा। नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से इस राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं और स्टेडियम में सुरक्षा व बैठक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

# न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता 25 को आएंगे इटारसी, अधिवक्ता संघ कर रहा तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में पदस्थ न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता के इटारसी आगमन को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं में भारी उत्साह है। न्यायमूर्ति गुप्ता, जो पूर्व में इटारसी न्यायालय में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, के सम्मान में 25 जनवरी 2026, रविवार को इटारसी न्यायालय परिसर में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हेतु अधिवक्ता संघ कक्ष में संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। संघ के प्रवक्ता विनोद भावसार एडवोकेट ने बताया कि न्यायमूर्ति गुप्ता 25 जनवरी को अल्प प्रवास पर इटारसी पधार रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दोपहर 2 बजे न्यायालय परिसर में उनका आत्मीय स्वागत एवं रंगारंग अभिनंदन समारोह किया जाएगा। अभिनंदन समारोह के पश्चात स्नेह भोज का भी आयोजन किया है। अधिवक्ता संघ इटारसी के अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष ममता नागेश एवं मनीष बाजपेई, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा सहित समस्त कार्यकारिणी ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस अभिनंदन समारोह में उपस्थित रहे।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष गुरुवार को पूर्ण हुए। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज सोहागपुर की ओर से काली मंदिर में आयोजन किया गया। गुरुवार रात काली मंदिर परिसर में स्थापित श्री राम दरबार प्रतिमाओं का पूजन किया गया। जिसके बाद भजन आयोजन भी किया गया। देर शाम प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान माधव भावसार, आकाश रघुवंशी, धनसिंह रघुवंशी, शिव कुमार पटेल, रितेंद्र राजपूत, सत्यम रघुवंशी, कमलेश कहार, भरत तिवारी, सौरभ कसेरा, अखिलेश मालवीय, अनमोल खंडेलवाल व अन्य साथी उपस्थित रहे।

## इटारसी में कबड्डी का रोमांच, होगा भव्य आयोजन

**इटारसी।** राजपूत समाज इटारसी के तत्वावधान में खेल प्रेमियों के लिए गांधी स्टेडियम म 2 और 3 फरवरी को मप्र राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी महाराणा प्रताप कप-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

शुभारंभ 2 फरवरी सोमवार, प्रातः 9 बजे से और समापन 3 फरवरी 2026 मंगलवार को होगा। राजपूत समाज इटारसी ने इस गौरवशाली प्रतियोगिता में सहभागिता करने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए समस्त खेल प्रेमियों और नागरिकों को सादर आमंत्रित किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज की कार्यकारिणी और संपर्क सूत्रों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

# राज्य शिक्षक संघ ने जेडी को सौंपा मांगों के संबंध में आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



राज्य शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उमेश ठाकुर ने शुक्रवार को जेडी मनीष वर्मा को विविध मांगों के संबंध में एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में उल्लेख है कि मटकुली संकुल के शिक्षक साथियों की क्रमोन्नति के लिये गोपनीय चरित्रावली का निदान किया जाए। जेडी वर्मा ने चर्चाकर मांग को हल कराने की बात कही। पत्र में आगे उल्लेख है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र की बोर्ड परीक्षा में केन्द्राध्यक्षों तथा सहायक केन्द्राध्यक्षों को आसपास के विकासखण्डों में ही नियुक्त किया जाए। जो पति व पत्नि शिक्षक हैं, उन्हें एक ही रूट पर नियुक्त किया जाए। जिससे वे आर्थिक तथा मानसिक रूप से परेशान न हों। ठाकुर ने अधिकारी को बताया कि पूर्व के वर्षों में भी महिलाओं को स्वयं के विकासखण्ड में बोर्ड परीक्षा में नियुक्त किया गया है। महिलाओं को आवागमन साधन एवं सुबह से पारिवारिक दायित्व निर्वहन के साथ परीक्षा कार्य में संलग्न होने से मानसिक परेशानी होती है। अतः ड्यूटी की दूरी को कम किया जाए, ताकि व बेहतर तरीके से बोर्ड परीक्षा संपन्न करा सकें। जिस पर जेडी वर्मा ने जल्द ही कलेक्टर से बात करने का आश्वासन दिया। साथ ही वर्मा ने कहा कि ड्यूटी रेंडमाइजेशन के आधार पर केंद्र अलॉट होता है। प्रतिनिधि मण्डल में उमेश ठाकुर जिलाध्यक्ष एवं दीप सिंह रघुवंशी पिपरिया ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गुजरवाड़ा में आनंद उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल गूजरवाड़ा में आनंद उत्सव मनाया सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन किया गया तत्पश्चात दौड़ प्रतियोगिता ,क्रिकेट प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ एवं अन्य विधाएं बच्चों द्वारा की गई और बच्चों को पुरस्कार वितरित किए आनंद उत्सव में रजौन, आंखमऊ ,काजलखेड़ी, एवं गूजरवाड़ा के बच्चों ने भाग लिया इस अवसर पर प्रताप सिंह यादव सरपंच, भगवानदास यादव जनपदसदस्य, रवि शंकर पलोहिया प्राचार्य, गुलाबदास यादव सचिव, नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, सतीश यादव, विनोद यादव, तेजराम यादव एवं विद्यार्थी तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# पचमढ़ीः कैंट हाई स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




स्थानीय कैंट हाई स्कूल में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का गरिमामय आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पचमढ़ी क्षेत्र के समस्त बीएलओ एवं विभिन्न वार्डों के मतदाताओं ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुभाष काकडे, सुपरवाइजर उमेश बरैया सहित प्रमुख रूप से राजेश सूर्यवंशी, दिनेश चौधरी, राकेश ककोड़िया, विजय हरवंशी, श संतोष शुक्ला और इरफान कुरैशी उपस्थित रहे। मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती और निष्पक्ष मतदान की प्रेरणा देने के लिए श्री उमेश बरैया ने 'मतदाता शपथ' का वाचन कराया। सभी उपस्थितजनों ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। दिनेश चौधरी ने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मताधिकार के सही प्रयोग और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान शिवओम सर द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार (चाय एवं नाश्ता) की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल समापन पर राजेश सूर्यवंशी ने उपस्थित रहे।

# माखननगर में श्री राम कथा का आज भंडारे के साथ होगा समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विगत 7 दिवस से पटवारी लाइन हनुमान मंदिर पर श्री राम कथा का आयोजन जारी है जिसमें कथा वाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने शुक्रवार को श्री राम के वन गमन राम केवट संवाद का सुंदर चित्रण वर्णन किया। बीच-बीच में संगीत में भजन पर श्रोता खूब झूमे राज्यसभा की सांसद माया नारोलिया ने आरती में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजन कर कथावाचक दीदी संध्या तिवारी का आशीर्वाद दिया।

हनुमान मंदिर महिला मंडल समिति ने सांसद का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया माया नारोलिया ने सुंदर कथा प्रसंग सुनाने के लिए कथा वाचक को प्रणाम करते हुए प्रशंसा की

## नगर की आस्था का प्रमुख केंद्र श्री बूढ़ी माता मंदिर

# 26 जनवरी से गूंजेंगे श्री शतचंडी महायज्ञ के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र मालवीयगंज स्थित श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर में इस वर्ष 51 वा श्री शतचण्डी महायज्ञ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। 26 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस सात दिवसीय अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

### कलश यात्रा के साथ होगा भव्य शुभारंभ


यज्ञ का शुभारंभ 26 जनवरी, सोमवार को प्रातः 10:30 बजे भव्य कलश यात्रा (घट यात्रा) से होगा। यह यात्रा श्री माता महाकाली दरबार से प्रारंभ होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर और बालाजी मंदिर चौराहा होते हुए श्री बूढ़ी माता मंदिर पहुंचेगी। इसी दिन शाम 4 बजे अरणिमंथन के माध्यम से अग्नि प्राकट्य कर यज्ञ की आहुतियां प्रारंभ की जाएंगी।



**धार्मिक अनुष्ठान एवं मानस प्रवचन**

सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 12 बजे तक और दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक पूजन, दुर्गासप्तशती पाठ, रुद्राभिषेक एवं आरती संपन्न होगी। विशेष रूप में 27 से 31 जनवरी तक दोपहर 1 से 5 बजे तक प्रख्यात कथावाचक पं. चन्द्रकांत भार्गव मानस प्रवचन की अमृत वर्षा करेंगे। पूर्णाहुति व महाप्रसाद वितरण 01 फरवरी 2026 रविवार, दोपहर 2 बजे से होगा। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं. प्रमोद भार्गव शास्त्री होंगे, जबकि संरक्षक की भूमिका पं. रामगोपाल त्रिपाठी शास्त्री निभा रहे हैं। इस वर्ष की मुख्य यजमान हेमलता क्षितित भावसार हैं। मंदिर समिति ने सभी धर्मानुरागी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और इस धार्मिक उत्सव को सफल बनाने में तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करें।

## मां सरस्वती की आराधना कर मनाया वसंत पंचमी पर्व



**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के ग्राम विकास पखवाड़ा के भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में विद्या, वाणी और कला की देवी मां सरस्वती की आराधना कर वसंत पंचमी पर मनाया यह पर्व ऋतुराज बसंत के आगमन को दर्शाता है।इस अवसर पर नीतिराज सिंह यादव,रीता यादव, प्रदीप यादव, चंद्रमोहन यादव, यशोदा यादव, वैशाली चौरे,रक्षा यादव, पूजा यादव,पायल यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**In The Court Of Civil Judge Class-I, Sohagpur District Court, Hoshangabad**

Presiding Officer: श्रीमती संगीता डावर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000005/2026)
रंजना विश्वास............ वादी
Vs
सर्वसाधारण............... प्रतिवादी
Process Id-25/2026
पेशी दिनांक: 23/02/2026

प्रेषिती
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी रंजना विश्वास ने सर्वसाधारण के विरूद्ध अपने पति मनोजीत विश्वास की मृत्यु घोषणा कराने बावत वाद संस्थित किया है, कि रंजना विश्वास के पति एवं अन्य वादीगण के पिता मनोजीत विश्वास पिता लक्ष्मीकांत विश्वास दिनांक 07-03-2017 को करीब दिन के 11:00 बजे घर में झांसी में काम करने का बोलकर चले गये जिसके पश्चात वह वापस लौटकर नहीं आये। वादीगणों ने उन्हें झांसी में एवं अन्य रिस्तेदारों के यहां तलाश किया किन्तु उनका कोई पता नहीं चला। वादीगणों ने करीब 3-4 सालों तक उन्हें तलाश किया फिर दिनांक 11-08-2021 को थाना सोहागपुर जाकर मनोजीत विश्वास की गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी जो रिपोर्ट 64/2021 पर दर्ज है। मनोजीत विश्वास को गुम हुए करीब 7 वर्ष हो गये है इस हेतु उनकी स्भाविक मृत्यु की घोषणा किये जाने हेतु यह वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया है, यदि किसी व्यक्ति को इस बावत कोइ आपत्ती हो तो इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें

यह आज तारीख 21 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(संगीता डावर मौर्य)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सोहागपुर जिला-नर्मदापुरम म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### आज से 1 फरवरी तक चलेगी रामलीला

**रहटगांव।** शशि रामलीला मंडल झाड़बीडा द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी शनिवार से 1 फरवरी तक यह आयोजन ग्राम झाड़बीड़ा में किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे रामलीला की जाएगी 24 जनवरी शनिवार को राम जन्म मुनि आगमन ताड़का वध से यह कार्यक्रम शुरू होगा। 1 फरवरी को मेघनाथ वध एवं रावण वध राम राजतिलक किया जाएगा। शशि रामलीला मंडल के रामायण प्रवक्ता रविशंकर गौर व्यास ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्राम में रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल

**हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। हरदा में इस अवसर पर 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय हरदा के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट है। कार्यक्रम में नवमतदाताओं को परिचय पत्र वितरित किये जायेंगे तथा शपथ भी दिलायी जायेगी। इस दौरान एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक रविवार को

**सीहोर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की आयोजन आगामी 25 जनवरी रविवार को शहर के बढियाखेड़ी स्थित जमुनाकुंज में बैठक का आयोजन चार बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन सीहोर यूनिट के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल, आरएस वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा ने बताया कि रविवार को आयोजित बैठक में भारत सरकार एवं बैंक द्वारा पेंशनरधारियों को दी जानी नर्व सुविधाओं से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक का एजेंडा एसोसिएशन के नए सदस्यों का स्वागत, साइबर ठगी पर जानकारी उपलब्ध कराना, नवीन जानकारी के अलावा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुतिकरण, वार्षिक सहयोग राशि आदि पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाम चार बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन की ईकाई के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की।

### 26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में सीहोर जिले की सभी 71 कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-3 होटल बार, एफएल-3'क' रिसोर्ट बार, गोदाम एवं देशी मद्य भण्डागार बंद रहेंगे।

### भीमकोठी के जंगल में बाघ की संदिग्ध मौत



**बुधनी।** बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत भीमकोठी के जंगल में गुरुवार को एक बाघ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाघ के शव की सूचना मिलते ही मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई, जिसके बाद बुधनी वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर डीएफओ सहित डॉक्टरों की विशेष टीम को बुलाया गया, जहां बाघ के शव का परीक्षण किया गया है। वन विभाग ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।
बुधनी वन परिक्षेत्र अधिकारी रजित द्विवेदी ने बताया कि डॉक्टरों की टीम बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## रक्तदाता प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने सम्मानित किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

**मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा शुक्रवार को हरदा के स्थानीय होटल में सुरक्षित और स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय रक्तदाता प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।**

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष शर्मा, ब्लड बैंक अधिकारी सुश्री दिव्या यादव, सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रेरित करना और सुरक्षित रक्त दान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वैच्छिक और गैर-पारिश्रमिक रक्त दान को रक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे सुरक्षित तरीका माना जाता है।

### सभी स्वेच्छा से रक्तदान करें

कलेक्टर ने कहा कि कहा कि सभी स्वेच्छा से रक्तदान करें। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। कलेक्टर ने शिविर में रक्तदान करने वाले नागरिकों व संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### रक्तदान दूसरों की जान बचाने के लिए अनिवार्य


प्रशिक्षण में वरिष्ठ पेथोलॉजिस्ट यू.एम. शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश फैलाना है कि रक्तदान न केवल सुरक्षित है, बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए अनिवार्य भी है। स्वैच्छिक दाताओं से प्राप्त रक्त, प्रतिस्थापन दाताओं की तुलना में अधिक सुरक्षित होता है। कार्यक्रम में रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए नई रणनीतियों पर चर्चा की गई।

### 18 से 65 वर्ष का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है

प्रशिक्षण में सहायक संचालक ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेस भोपाल मोनल सिंह ने कहा कि 18 से 65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। एक यूनिट रक्त कम से कम तीन लोगों की जान बचा सकता है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि सभी को सुगमता से रोग मुक्त रक्त प्राप्त हो। साथ ही शतप्रतिशत रक्तदाताओं को रक्तदान के लिये प्रेरित किया जा सके।

## श्रीमद् भागवत कथा

### भगवान तक पहुंचने का माध्यम है कथा का श्रवण करना: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर पर सार्वजनिक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन पंडित अभिषेक शर्मा ने कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण भगवान तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। इसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वध और कालिया नाग दमन के प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण के जन्म का समाचार सुनते ही नंदगांव का वातावरण आनंदमय हो गया।

गोकुल वासियों ने इस अवसर पर उत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक संदेश भी देती हैं। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण ने बचपन में ही यह संकेत दे दिया था कि सच्चा प्रेमी ही उनके प्रेम का अमृत पान कर सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए । उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं। लेकिन भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं।

भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। कार्यक्रम में, पूजा अर्चना दीपक शर्मा द्वारा एवं मुख्य यजमान के साथ साथ कई कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

## 30 वर्षीय महिला ने कीटनाशक पीया, इलाज के दौरान मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र में एक 30 वर्षीय महिला ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। महिला ने गुरुवार शाम यह कदम उठाया था, जिसके बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, खंडवा जिले के छनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम फेफरी निवासी बसंत कोरकू अपनी पत्नी पप्पी बाई (30) के साथ पिछले आठ महीनों से हरदा के ग्राम धनकार में संजय राजपूत के खेत में मजदूरी कर रहा था। गुरुवार शाम बसंत कोरकू ने अपनी पत्नी से गाय-भैंस को भूसा डालने को कहा और खुद खेत में काम करने चला गया। इसी दौरान पप्पी बाई ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जब बसंत खेत से लौटा तो उसने देखा कि पप्पी बाई के मुंह से झाग निकल रहा था। उसने तुरंत खेत मालिक को सूचना दी। इसके बाद एम्बुलेंस से महिला को सिराली अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रात करीब 7:30 बजे पप्पी बाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतका के दो बच्चे हैं, 14 वर्षीय बेटा और 10 वर्षीय बेटी। दोनों बच्चे अपने दादा-दादी के साथ पैतृक गांव में रहते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन आज

**हरदा।** जिले में पहली बार एक भव्य अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वाधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह टूर्नामेंट कलेक्टर निवास के सामने, इंदौर रोड हरदा डिग्री कॉलेज में होगा, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शतरंज के शौकीनों और खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। टूर्नामेंट में कुल 1,51,000 रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफियां रखी गई है। यह एक रेपिड टूर्नामेंट होगा, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 15 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा।

## शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शालाओं में वसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना ज्ञान, कला और विद्या के प्रति समर्पण के साथ हर्षोल्लास से की है। इस अवसर पर छात्र और शिक्षक सरस्वती वंदना, और विद्यारंभ का आयोजन करते हैं। मूर्तियो चित्रों के समक्ष, पुष्पों की माला फूलों के गुच्छे पुस्तकें रखकर विद्या का आशीर्वाद मांगा है। मुख्य रूप से, खामगांव सिंधखेड़ा, छात्र-छात्राओं ने पूजा अर्चना की जिस दौरान संकुल प्राचार्य प्रभारी सिद्धार्थ जोशी, जमुना प्रसाद पाटील, मुकेश राजगीरे, अनिता कुशवाहा, पवन गौर, नितिन गौर, एवं समस्त शाला के स्टाफ मौजूद रहे।

## छात्रावास अधीक्षकों को इधर से उधर करने का सिलसिला लगातार जारी

### मामला भोपाल पहुंचा तो आधी रात में आदेश लिया वापस



**झिरन्या।** इस अंचल में छात्र-छात्राओं के पैदल-मार्च की घटनाओं ने इस क्षेत्र को प्रादेशिक-स्तर पर सुरखियों में ला दिया है। फिर भी कोई सबक लिए बगैर छात्रावास अधीक्षकों को इधर से उधर करने का सिलसिला थमा नहीं है। एक ऐसा ही मामला भोपाल तक पहुंचा तो जिला शिक्षा केंद्र ने तत्काल प्रभाव से आधी रात में आदेश को वापस ले लिया।

आखिर शिक्षा जैसे बुनियादी-व्यस्थाओं में फेरबदल से छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक और आवासीय-व्यवथाओं पर प्रतिकूल-असर हो रहा है। पिछले दिनों जिला शिक्षा केंद्र खरगोन ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास आभापुरी की अधीक्षिका संगीता मोरे को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर, शा.प्रा.वि.आभापुरी की शिक्षिका आशा वर्मा को पदस्थ किया था। जिससे मामला खरगोन से लेकर भोपाल तक चर्चित हो गया और एक ही दिन में आदेश निरस्त कर दिया गया। गौरतलब है कि आये दिन हो रही ऐसी घटनाएं प्रशासन के गले की फांस बनती जा रही है। इसी तरह 29 अप्रैल 2025 को कस्तूरबा आश्रम आभापुरी की अधीक्षिका ललिता आर्य को हटाने और उनके स्थान पर रंजना गंगराडे को पदस्थ किया गया था। फलस्वरूप 30 अप्रैल को सूर्योदय के साथ की छात्राएं पैदल मार्च कर खरगोन की ओर कूच कर गोराड़िया तक पहुंच गई थी। जिसका पटाक्षेप,संगीता जायसवाल की पदस्थापना-आदेश के बाद ही हो सका था। इसी प्रकार 15 जुलाई 2025 को प्रातःकाल शा.कन्या आश्रम आभापुरी की छात्राएं पैदल-मार्च कर शिवना तक जा पहुंची थी। यह मामला 27 मार्च 25 को रीना-प्रकाश चौहान को हटाने और संगीता जायसवाल को प्रभार देने के बाद सुर्ख़ियों में आया था। जब भगवानपुरा की शिक्षिका नगीना सोलंकी को प्रभार सौंपने के आदेश के बाद छात्राएं वापस अपने परिसर पहुँच सकी थी। इसी तरह शा.कन्या आश्रम तितरान्या में जन प्रतिनिधियों के बार-बार निरीक्षणों से सहायक आयुक्त ने उनकी अनुमति के बगैर निरीक्षण पर रोक लगा दी थी। अंततः वहां की अधीक्षिका मंगला धार्वे को दिसंबर 25 में हटाकर,सीता सोलंकी कोटबेड़ा को पदस्थ किया गया। जब छात्र- छात्राएं 24 अगस्त को सामूहिक रूप से अपने घरों पर जाने को तैयार हुई तो तत्काल पूर्व अधीक्षिका धार्वे को पुनःपदस्थ कर दिया गया। यहां 6 अगस्त 2024 को एकलव्य विद्धयालय मारुगढ़ के नाराज छात्रगण पहली बार खरगोन की ओर कूच कर गए थे। फलस्वरूप पूर्व कलेक्टर अशोक वर्मा द्वारा सड़क पर मान-मनोव्वल के बाद घटना पर विराम लग सका था। उल्लेखनीय है कि यहां बीइओ परमार्थी को 15 अगस्त 25 को हटाकर मनमोहन महाजन को प्रभार दिया गया था। जब महाजन ने कार्य संभालने की अनिच्छा प्रकट की तो 18 दिसंबर,25 को पुनः परमार्थी को पदस्थ कर दिया गया। जन जातीय विभाग खरगोन के सहायक आयुक्त इकबाल आदिल से दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने प्रतिक्रिया देने की बजाय बैठक में होने की जानकारी दी।

**इनका कहना है**

हम शासन के निर्देशों के परिपालन और कार्य सुविधा के लिए आदेश जारी करते हैं। लेकिन छात्रावासों में आवासरत बालक-बालिकाओं की भावनाओं के अनुसार आदेश में परिवर्तन करना पड़ता है।
**खेमराज सेन**, डीपीसी,जिला शिक्षा केंद्र खरगोन

## गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल आज

**हरदा।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस जिले में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के व्यवस्थित ढंग से आयोजन के लिये फुल ड्रेस रिहर्सल शनिवार 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में होगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को सभी तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने की हिदायत दी है।

### कलेक्टर फहराएंगे ध्वज

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस जिले में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड निरीक्षण करेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन कर प्रातः 9.30 बजे मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और इसके बाद प्रातः 9.45 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे तथा झांकी प्रदर्शन होगा। इसके बाद बजे से उत्कृष्ट कार्य के लिये अधिकारी कर्मचारियों व उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिये विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## चैनपुर पुलिस ने 3 किलो 385 ग्राम गांजा और मोटरसाइकिल जब्त की



**झिरन्या।** पुलिस चैनपुर के अंतर्गत चौकी हेलापड़ावा ने अवैध 3 किलो 385 ग्राम गांजा (66 हजार) परिवहन में उपयोग की गई मोटरसाइकिल (50हजार) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

एनडीपीएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को आरोपी मोटरसाइकिल समेत दामखेड़ा फाटे पर खड़ा था और वह झिरन्या की तरफ जाने की फिराक में था। जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो वह मोटरसाइकिल से सेमलखुंट की ओर भागने लगा, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी का नाम रेलास पिता गाठिया उम्र 45 वर्ष निवासी कुंसुंबिया है।

## जलभराव की समस्या से मिलेगी मुक्ति, 11 लाख की लागत से किया जाएगा नाली का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के अनेक वार्डों में नालियों के निर्माण के साथ-साथ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक 25 में जल भराव की समस्या को लेकर 11 लाख की लागत से बनाई जाने वाली नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन कराया। इस मौके पर वार्ड के पार्षद मुकेश मेवाड़ा ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत लुनियापुरा चौराहे से आरके पैलेस तक जाने वाले मार्ग पर जल भराव की समस्या को देखते हुए नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड की सड़कों की समस्या और पेयजल आदि समस्या का आवश्यकता अनुसार समाधान किया जा रहा है।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से पेयजल आदि की समस्या के विषय पर चर्चा भी की। शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या पालिका की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है; इसमें कूड़ा सही जगह फेंकना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, पौधा रोपण करना और सामुदायिक सफाई अभियानों में हिस्सा लेना जैसे कार्य शामिल हैं, जिससे हमारा शहर साफ, स्वस्थ और सुंदर बन सके। भूमि पूजन में पार्षद मुकेश मेवाड़ा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर आदि मौजूद रहे।